# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## फरवरी 2020




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# फूलों और सब्जियों की ऑर्गेनिक खेती से सवर रहा शहरी गौठान, सब्जियों का विक्रय कर अर्जित कर रहे आय

भिलाईनगर। शहरी गौठान की तस्वीर आयुक्त श्री रघुवंशी के  मार्गदर्शन में अब बदलते जा रही है, कुछ दिन पूर्व ही गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहरी गौठान के तर्ज पर तैयार किए गए मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 1 वार्ड क्रमांक 3 नवनिर्मित बस डिपो एवं भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप में शहरी गौठान का निर्माण किया गया है। जहां पर गौधन के रखरखाव की पारंपरिक एवं प्रचलित व्यवस्था को बरकरार रखे जाने के हर संभव प्रयास किए गए है। पशु आहार के रूप में चारा की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में की गई है जिसमें बाजार क्षेत्रों में बची हुई हरी सब्जियां, पैरा,चोकर,भुसी, पैरा कुट्टी, घास आदि शामिल है तथा पेयजल के लिए अलग-अलग टंकियों का निर्माण किया गया है जिसके माध्यम से पेयजल दिया जाता है। महिला स्व सहायता समूह को सुदृढ़ बनाने के लिए मशीन उपलब्ध कराया गया है। जिसका उपयोग कई महत्वपूर्ण कार्यों में किया जा सकता है, गोबर से निर्मित लकड़ी का विक्रय कर आय अर्जित की जा सकती है, इसके अलावा गोबर से निर्मित कंडे भी तैयार किए जा रहे हैं। स्व सहायता समूह की महिलाएं गौठान के समीप ही होटल का संचालन कर रही है जिसमें परंपरागत छत्तीसगढ़ी व्यंजन परोसा जा रहा है। चीला, फरा, रोटी, सब्जी, चाय, भजिया आदि व्यंजन होटल में उपलब्ध है जोकि ऑर्डर देने पर तत्काल उपलब्ध कराया जाता है। भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप होने के कारण राहगीर यहां के व्यंजन का लुफ्त उठा रहे हैं। शासन के मुख्य प्रोजेक्ट नरवा, घुरवा, गरूवा और बाड़ी के तहत गौठान में बाड़ी का कार्य भी किया जा रहा है।



# दुकान का कचरा नाली में फेंका तो भरना पड़ा जुर्माना, उड़नदस्ता की टीम ने की कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर निगम की उड़नदस्ता टीम ने वार्ड 23 छावनी, वार्ड 37 आजाद नगर, केम्प-2 पाॅवर हाउस, वार्ड 04 कृष्णानगर, राधिकानगर सहित निगम के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले व्यवसासियों से प्रतिबंधित डिस्पोजल गिलास का विक्रय करने, एक्यपायरी खाद्य पदार्थ तथा बिना लाइसेंस व्यवसाय करने वालों का निरीक्षण कर कार्यवाही करते हुए 9,000 रूपए अर्थदण्ड की वसूली की। निगम की उड़नदस्ता टीम ने कृष्णा पान ठेला छावनी के पास अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं होने पर 500 रूपए, शुभ डेली नीडस नंदनी रोड द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक प्लेट विक्रय करते पाए जाने पर 500 रूपए, राज स्वीटस एवं रेस्टोरेंट नंदनी रोड 10 बोतल एक्सपायरी कोल्ड्रिंक्स एवं हल्दीराम के पैकेट पाए जाने पर 1000 रूपए, दीपक स्टेश्नरी सर्कुलर मार्केट केम्प -2 के द्वारा दुकान का कचरा नाली में फेकते देखे जाने पर 1000 रूपए, मोहन एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड राधिकानगर के पास अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं होने पर 2000 रूपए, जनता इन्टरप्राइजेस मिलन चौक से लाइसेंस नहीं होने पर 500 रूपए, सुनिता किराना दुकान मिलन चौक के पास लाइसेंस नहीं होने पर 1000 रूपए, भिलाई मटन शाॅप के संचालक द्वारा गंदगी फैलाने पर 1000 रूपए, चौहान नाश्ता सेन्टर वार्ड 06 के द्वारा डिस्पोजल गिलास बेचते पाए जाने पर 1500 रूपए जुर्माना लिया गया। उड़नदस्ता की टीम ने व्यापारियों को प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय न करने एवं बाजार में सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा सड़क पर सामान फैलाकर व्यवसाय न करने की समझाइश दी।



# राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों ने कराया परीक्षण, सहायक उपकरण का लाभ लेने बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिक

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आने वाले वरिष्ठ नागरिकों का परीक्षण/मूल्यांकन शिविर का आयोजन आज दिनांक 18 फरवरी को सेक्टर 9 महिला महाविद्यालय में प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ किया गया जिसमें नेत्र, अस्थि, श्रवण एवं दांत आदि के परीक्षण के लिए अलग-अलग चिकित्सक मौजूद थे! राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आने वाले वरिष्ठ नागरिकों का परीक्षण आज मंगलवार को किया गया जिसमें आंख के लिए चिकित्सक संकेत राउत, जितेंद्र कुमार, अस्थि के लिए सनाकर जीना एवं नदीम, श्रवण के लिए हेमलता साहू, दंत के लिए राजकिशोर उपस्थित रहकर शिविर में अपनी सेवाएं दिए! भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा ऐसे वरिष्ठ नागरिकों का आंकलन/ मूल्यांकन /माप चिन्हाकंन किया जाना है! चिन्हाकंन के उपरांत राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण जैसे श्रवण यंत्र, बैसाखी, वाकर, दांत (बत्तीसी), नजर (पावर) के चश्मे, ट्राइपॉड, टेट्रापॉड, फोल्डेबल वाकर, व्हील चेयर, वाकिंग स्टीक इत्यादि प्रदाय किया जाएगा! आज प्रातः से ही सेक्टर 9 स्थित महिला महाविद्यालय में वरिष्ठ नागरिकों का आना प्रारंभ हो गया था हो इसलिए सभी के लिए पृथक-पृथक काउंटर बनाया गया था, व्यक्तियों द्वारा एक से अधिक चिकित्सा परीक्षण का लाभ भी लिया गया! शिविर में उपसंचालक समाज कल्याण विभाग की ओर से जंतराम ठाकुर, रजनीश कुमार, गणेश वर्मा, प्रेम लाल यादव, अरुण वर्मा, सोहनलाल बंजारे, शेखचंद्र मोरिया, विनय तिवारी निगम से अजय शुक्ला मौजूद रहे!



# भिलाई निगम क्षेत्र के 79155 हितग्राहियों को मिल चुका है राशनकार्ड, शिविर लगाकर किया जा रहा है वितरण

भिलाईनगर/ निगम भिलाई द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत राशनकार्ड और नवीनीकृत पट्टे का वितरण किया जा रहा है। महापौर परिषद के सदस्य प्रतिदिन वार्डों में आयोजित शिविर में पहुंचकर सीधे हितग्राहियों के हाथों में वितरण करते हुए राशनकार्ड के महत्व व उपयोगिता की जानकारी भी दे रहे हैं। आज जोन 02 व जोन 03 क्षेत्र में आयोजित शिविरों में एमआईसी सदस्य सुभद्रा सिंह, सूर्यकान्त सिन्हा, दुर्गाप्रसाद साहू, जोहन सिन्हा एवं दिवाकर भारती ने हितग्राहियों को पट्टा व राशनकार्ड वितरण किए। प्रतिदिन वार्डों में लगने वाले शिविर में अब तक 2761 पट्टा एवं 79155 राशनकार्ड वितरण किए जा चुके है। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा प्रतिदिन शिविर के माध्यम से पट्टा एवं राशन कार्ड वितरण वार्डों में किया जा रहा है जिसमें महापौर परिषद के सदस्य एवं वार्ड पार्षद स्वयं उपस्थित होकर वितरण कर रहे हैं। जिन क्षेत्रों में शिविर लगने के पश्चात किसी कारणवश जो लोग राशनकार्ड एवं पट्टा प्राप्त नहीं कर पाए है वे अपने नजदीकी जोन कार्यालय से जरूरी दस्तावेज दिखाकर अपना राशनकार्ड एवं पट्टा प्राप्त कर सकते हैं। वार्ड 46-47 के आयोजित शिविर में एमआईसी सदस्य दुर्गाप्रसाद साहू ने नवीन एपीएल राशनकार्ड के 210 हितग्राहियों को वितरण किया, वार्ड 49 हनुमान मंदिर में आयोजित शिविर में एमआईसी सदस्य सुभद्रा सिंह, सूर्यकान्त सिन्हा, दुर्गाप्रसाद साहू व वार्ड पार्षद रश्मि सिंह ने 180 नवीन राशनकार्ड हितग्राहियों को वितरण किए।



# शहरी गौठान में पशुओं को छाया देने बना शेड, महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने आज किया लोकार्पण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा संचालित शहरी गौठान में रखे जाने वाले पशुओं के लिए शेड का निर्माण किया गया है जिसका लोकार्पण आज महापौर देवेंद्र यादव ने जनसमूह के बीच किया इससे पूर्व उन्होंने मुकबधिर स्कूल सुपेला पहुंचकर बच्चों के साथ मुलाकात कर क्रिकेट खेला, श्री यादव के जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों ने अपने हाथों से बनाई हुई पेंटिंग महापौर को उपहार स्वरूप दिया! महापौर व भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर गौठान मे शेड निर्माण किए जाने वाले स्थल का भूमिपूजन किया था! आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए महज चंद दिनों में शेड निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसमें गौ मित्र मंडल के गौतम पारख एवं कांतिलाल पारख का भरपूर सहयोग रहा ! महापौर एवं उपस्थित लोगों ने पशुओं को गुड़, चना और हरा चारा भी खिलाया। शहरी गौठान में पशुओं की देखभाल करने अब गौ सेवक भी जुड़ने लगे है। परंतु यह एक सराहनीय कार्य है कि गौ सेवक पशुओं की सेवा के लिए आगे आकर अपना योगदान दे रहे हैं! शेड लोकार्पण कार्यक्रम में एल्डरमैन शमशेर बहादुर, गौ मित्र मंडल के गौतम पारख, कांतिलाल पारख, शुभम गोयल, स्वाति, मुकुल साहू, श्याम मनोहर वैद्य, बाबूलाल, जयंत शोनावत एवं अमित सेठिया, भिलाई निगम जोन क्रमांक 01 के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, रेवती रमन शर्मा, बालकृष्ण नायडू, अजय शुक्ला सहित महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।



# जनगणना 20-2021 के लिए मकानों की नंबरिंग हुई प्रारंभ, निगम सभागार में ट्रेनर ने दिया प्रशिक्षण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जनगणना 2021 के लिए मकानों की नंबरिंग प्रारंभ हो चुकी है! जनगणना कार्य से संबंधित जानकारी एवं नंबर लिखने के लिए भवन चयन का विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए आज पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के सहायक अध्यापक प्रदीप राजपूत एवं अंजय तिवारी द्वारा निगम सभागार में अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया! पावर पॉइंट प्रोजेक्टर के माध्यम से मकानों की नंबरिंग के लिए भवन, दुकान के चयन एवं नंबर देने के तरीका को विस्तार से बताया गया! मकानों/आवासों एवं नवनिर्मित मकानों को शामिल कर किस प्रकार नंबर देना है की जानकारी भी प्रशिक्षण में प्रदाय की गई! जनगणना कार्य के लिए मकान सूचीकरण व गणना जनसंख्या के आधार पर ब्लॉक बनाने और मकान को नंबर देने संबंधी जानकारी प्रदाय की गई! जनगणना के लिए नियुक्त अधिकारियों को भवनों की नंबरिंग, वार्ड व क्षेत्र अनुसार लैंडमार्क करना तथा फील्ड से आने वाली जानकारियों को ऑनलाइन प्रविष्टि के साथ ही ऑफलाइन रिकॉर्ड तैयार करने की जानकारी दी गई! कंप्यूटर ऑपरेटरों को यह बताया गया कि किस प्रकार से सर्वे से प्राप्त जानकारी को ऑनलाइन डाटा प्रविष्टि किया जाना है! चार्ज अधिकारी जनगणना अशोक द्विवेदी ने शहरवासियों से अपील की है कि जिन मकानों में नंबरिंग कर दिए गए हैं उन्हें न मिटाएं! प्रशिक्षण में जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि, प्रीति सिंह, महेंद्र पाठक एवं अमिताभ शर्मा, सहायक अभियंता सुनील जैन, कुलदीप गुप्ता, हिमांशु देशमुख, तपन अग्रवाल, उप अभियंता श्वेता महेश्वर प्रिया खरवार एवं रीमा हुमने, चंद्रपाल हरमुख, जय जैन एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारी सहित कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे!



# अब तक पांच स्थानों में खुला बर्तन बैंक, किराया में बर्तनों को देकर अर्जित कर रहे हैं आय

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अब तक पांच स्थानों के बर्तन बैंक खोला जा चुका है जिसमें 5 क्षेत्र स्तरीय संगठनों की अहम भूमिका रही है! गौरतलब है कि बर्तन बैंक की शुरुआत महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड 31 दुर्गा मंदिर खुर्सीपार से की थी, जिसके बाद लगातार अन्य क्षेत्रों में बर्तन बैंक की स्थापना की गई है! दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत पंजीकृत क्षेत्र स्तरीय संगठन को आवर्ती निधि के रूप में मिलने वाले 50000 रुपए से उन्होंने बर्तन खरीदकर बर्तन बैंक की स्थापना की है, बर्तनों के साथ-साथ किराए पर देने के लिए कढ़ाई, मग, प्लेट, थाली, चम्मच, चूल्हा, गंजी, कुर्सी, गद्दा, चादर, दरी, जार आदि भी खरीदा है! जिससे होने वाले आय से महिलाएं और सशक्त बन रही है! शहर को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की दिशा में आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने एक नई पहल की शुरुआत की है! प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न कर विभिन्न कार्यक्रमों के उपयोग के लिए स्थापित बर्तन बैंक का उपयोग किया जा सकता है! टेंट हाउस/किराया भंडार से कम कीमत पर है उपलब्ध बर्तन बैंक की सामग्रियां- बर्तन बैंक की स्थापना के साथ ही इसका किराया निर्धारण भी महिलाओं द्वारा किया गया है! जोकि बाजार के दर से कम कीमत की है! महिलाएं अपने स्वयं के समूह के आयोजनों के लिए भी बर्तन बैंक का उपयोग कर रही हैं अन्य के लिए रखे गए कीमत से कम कीमत पर समूह के लिए दर निर्धारण किया गया है! बर्तन बैंक की






# कर्मचारियों को निगम सभागार में दी गई भावभीनी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम, भिलाई से अर्द्धवार्षिकीय आयु पूर्ण करने वाले राजकुमारी जायसवाल पति मोहनलाल जायसवाल पम्प सहायक जोन क्रं. 03, चिन्ताराम साहू पिता धिराजी साहू लाईनमेन जोन 06, दयाराम पिता स्व. उमेंद सिंह लाईनमेन जोन 02, परदेशी राम यादव पिता फूल सिंह यादव चौकीदार जोन 01, को निगम सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में महापौर परिषद की सुभद्रा सिंह, उपायुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त तरूण पाल लहरे ने तथा निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, एवं देय राशि का चेक प्रदान कर भावभीनी बिदाई दी। इस अवसर पर सुभद्रा सिंह ने कहा कि आप लोगों की कमी हमेशा रहेगी, अनुभवी लोगों की आवश्यकता सदैव होती है, निचले स्तर के हर व्यक्ति तक आपकी पहचान है हम लोग हमेशा एक परिवार की तरह रहेंगे। विदाई समारोह में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों ने निगम में अपने सेवाकाल को स्मरण करते हुए अपने अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, संजय शर्मा, शरद दुबे, उन्मेष साहू, हरमुख, सुखराम यादव, संतोष वर्मा, श्रवण ठाकुर, चन्द्रकला देशमुख सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी सहित युनियन के पदाधिकारी एवं सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के परिवारजन उपस्थित रहे।





**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई